पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———————

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राजभवन से कल निकलेगी 'रन फॉर यूनिटी' रैली

——————

लखनऊः 30 अक्टूबर, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 147वीं जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर 2023 को राजभवन परिसर के मुख्य भवन से प्रातः 7:00 बजे 'रन फॉर यूनिटी' रैली को रवाना किया जाएगा। यह रैली राजभवन के मुख्य भवन से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस राज भवन स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल जी की प्रतिमा पर आकर सम्पन्न होगी।

"राष्ट्रीय एकता दिवस" के अंतर्गत आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' रैली में राजभवन के कार्मिकों तथा उनके परिवार जनों के साथ—साथ लखनऊ महानगर के विश्वविद्यालयों से शिक्षकों, अधिकारियों तथा छात्र—छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा।

————

डा0 सीमा गुप्ता—सहायक निदेशक सूचना
कृष्ण कुमार—सूचना अधिकारी/राजभवन
सम्पर्क सूत्र— 9454468250